**The Hindu: 24.12.2020**

# Kejriwal encourages AUD graduates to be entrepreneurs, job providers

## Delhi CM addresses university's ninth convocation

**SPECIAL CORRESPONDENT**
NEW DELHI

Addressing the ninth convocation of Ambedkar University Delhi, Chief Minister Arvind Kejriwal on Wednesday told students that they must look towards becoming entrepreneurs and becoming job providers.

He added that the Delhi government was launching a start-up policy that would guide them and provide legal, technical and financial support and requested students to avail the opportunity to start their own business to build a better India.

"Many of you have got placements. I am not saying that you should give that up. I am saying that you should gain experience in the field and then after a few years, your aim should be to quit the job and start something on your own," Mr. Kejriwal told students.

### 'Take part in politics'

In his address, he also stressed on the importance of every individual participating in the politics of the country. "You do not have to be a politician to participate in the politics of the country. If people stop participating in the politics of the country then they will stop participating in democracy and then democracy will go for a toss," Mr. Kejiwal said.

During the convocation, 1,003 students were awarded with PhD, MPhil, MBA, MA, UG degrees in various fields of studies.

Deputy CM Manish Sisodia congratulated the university and the students for earning their degrees in one of the toughest years for education due to the pandemic. He praised AUD for having a system of having continuous assessments and not relying on one examination at the end of the year.

**Indian Express: 24.12.2020**

# CM focuses on job creation, Sisodia on need for online teaching at Ambedkar Univ event

**EXPRESS NEWS SERVICE**
NEW DELHI, DECEMBER 23

SPEAKING AT the ninth convocation ceremony of Ambedkar University, Deputy Chief Minister Manish Sisodia urged administrators of education institutions to plan their infrastructure and resource requirements keeping in mind changes in teaching-learning during the pandemic.

"This is not a direction or even a piece of advice from me. This is just a question that I'm raising: That administrators of universities, colleges and schools can now start thinking about how we have seen that conducting online classes is now a reality. It is not a replacement for physical classes. But still, when things normalise in one or two years, is it necessary in our routines that we try and enforce as much physical presence of our students? Or can we come out with a new programme based on what we've learnt during this period? When we think of it this way, maybe our infrastructure requirements and our technology requirements can be thought of in a new way," he said.

In her address earlier in the convocation, vice-chancellor Anu Lather had announced that university authorities had completed most formalities with regard to beginning the development of two new campuses at Dheerpur and Rohini, at a budget of Rs 1,200 crore and Rs 1,100 crore respectively.

"The decision of spending Rs 2,300 crore will now come to the government, but before making that decision, as a minister of finance and education, I would urge that you all think of what other ways this money can be optimally utilised. Can we use this money to engage a larger number of students through technology and give them quality education?" Sisodia said.

At the convocation, Lather announced that 1,003 students graduated from the university in 2020, of whom 65% were women. While some graduating M.Phil and Ph.D students received their degrees in a physical ceremony on stage, a virtual ceremony was conducted for those who could not — with animated avatars of students receiving their degrees from animated avatars of Chief Minister Arvind Kejriwal, L-G Anil Baijal, Sisodia and Lather.

Addressing the gathering online, Kejriwal spoke about the new "start-up" policy which the Delhi government has said in the final stages of completion.

"It becomes important to do a job for one or two, three, four years… but after that you have to...create jobs for people of this country and that is the leadership role the university, the faculty and the students passing out from the university have to play… we are coming out with a comprehensive startup policy to provide legal and technical guidance, loan assistance, subsidies, and will help in many ways," he said.

**Times of India: 24.12.2020**

# Delhi govt to come up with start-up policy for students

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Delhi government will soon come up with a start-up policy for students interested to turn entrepreneurs, chief minister Arvind Kejriwal announced at the ninth convocation of BR Ambedkar University of Delhi (AUD) on Wednesday.

"We are coming with a comprehensive start-up policy with legal and technical guidance and will also help students in getting loans to implement their ideas," Kejriwal said through videoconferencing.

Graduating students have a responsibility towards the society and while they should do their job, "they should also think about starting their own business. Try creating jobs for others," he added. Deputy chief minister Manish Sisodia also said students needed to be job providers, not job seekers.

Urging everybody interested in politics to join AAP, Kejriwal said that even if they didn't join a party, they should be involved in politics. "If people remain silent and don't participate in democracy, it will go for a toss."

Sisodia said, "If we come out with just job seekers, we are doing a wrong to the society. Entrepreneurship lessons should be there in all courses."

The education minister also said Covid-19 taught us that "annual assessment doesn't matter". He claimed that while all institutions following this system got stuck, "AUD showed that the final exams are just one of the exams".

He asked the university's technical and academic advisers to think about the post-Covid world. "The way we were calling students regularly for classes, will it be possible?"

AUD vice-chancellor Anu Singh Lather said the varsity responded to the pandemic with online classes and looked after mental health of its students. In all, 1,003 students have graduated, an increase of 21.4% from last year, she added. Stressing that "diversity is the core spirit of AUD", the VC said 65% of the graduates were women.

**Rashtriya Sahara: 24.12.2020**

# व्यापार करने को इच्छुक युवाओं की सरकार करेगी मदद : केजरीवाल

नई दिल्ली (एसएनबी)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार बिजनेस करने के इच्छुक युवाओं की मदद के लिए स्टार्टअप पॉलिसी लाने जा रही है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे नौकरी करने के साथ नौकरी देने वाले भी बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई युवाओं के पास अच्छे बिजनेस आइडिया होते हैं, लेकिन उन्हें पता ही नही होता कि वे शुरुआत कैसे करें, सलाह किससे लें, लोन कहां से लें? स्टार्टअप पॉलिसी के तहत युवाओं को सभी तरह के लीगल और तकनीकी सलाह देने के साथ प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। केजरीवाल बुधवार को अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने डिग्री पाने वाले छात्रों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने आपके लिए एक योजना निकाली है। इसके तहत 10 लाख रुपए तक का लोन लेकर आप कहीं भी जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

**Amar Ujala: 24.12.2020**

दिल्ली युवा Youth

# युवाओं के लिए स्टार्टअप पॉलिसी लाएंगे : केजरीवाल

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। युवा नौकरी करने के साथ नौकरी देने वाले भी बनें। दिल्ली सरकार व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं की मदद के लिए स्टार्टअप पॉलिसी लाने जा रही है। काफी युवाओं के पास व्यवसाय के लिए आइडिया होते हैं लेकिन उन्हें इसे शुरू करने, लोन लेने का पता नहीं होता। इस पॉलिसी के तहत युवाओं को तकनीकी व कानूनी सलाह के साथ-साथ प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह बातें अंबेडकर विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वीडियो कांफ्रेसिंग से छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा सीधे तौर पर राजनीति में आएं या न आएं, लेकिन एक नागरिक होने के नाते देश की राजनीति में सक्रिय हिस्सेदारी जरूर करें। उन्होंने कहा कि वह कोविड-19 के कारण ही वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से छात्रों से बात कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने डिग्री पाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी।



कानूनी और तकनीकी सलाह के साथ प्रोत्साहन भी दिया जाएगा

उन्होंने ने कहा कि जो छात्र पास हुए हैं वह उच्च शिक्षा के लिए जाएंगे। यदि किसी छात्र को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में दिक्कत आए तो वह दिल्ली सरकार की 10 लाख रुपये तक लोन की सुविधा का लाभ ले सकता है। सरकार बिना किसी गारंटी और बिना कुछ भी गिरवी रखे आपको 10 लाख रुपये तक का लोन देती है।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित दीक्षांत समारोह में कोविड-19 के कारण कुछ छात्र ऑफलाइन और कुछ छात्र ऑनलाइन शामिल हुए। समारोह में कुल 1003 छात्रों को पीएचडी, एमफिल, एमबीए, एमए, बीए की डिग्री दी गई। यह संख्या बीते साल से 21 ज्यादा है। इस तरह कुछ छात्रों को समारोह में तो कुछ को ऑनलाइन माध्यम से डिग्री दी गई। डिग्री प्राप्त करने वालों में 65 फीसदी लड़कियां रहीं। स्नातक के 442, स्नातकोत्तर के 504, एमफिल के 51 और पीएचडी के चार छात्रों को डिग्री मिली।

**Hindustan: 24.12.2020**

# युवाओं के लिए स्टार्टअप नीति बन रही: मुख्यमंत्री

पहल

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के 9वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि ऑनलाइन संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए स्टार्टअप नीति तैयार हो रही है।

मुख्यमंत्री ने छात्रों को नौकरी करने के साथ नौकरी देने वाला बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कई युवाओं के पास अच्छे बिजनेस आइडियाज होते हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं होता कि वे शुरुआत कैसे करें, सलाह किससे लें, लोन कहां से लें। दिल्ली सरकार उद्यमी शुरु करने के इच्छुक ऐसे ही युवाओं की मदद के लिए स्टार्टअप पालिसी लाने जा रही है। इसके तहत युवाओं को सभी तरह के कानूनी व तकनीकी सलाह देने के साथ कुछ प्रोत्साहन दिया जाएगा।

कुलपति प्रो अनु सिंह लाठर ने विवि की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस समारोह में कुल 1003 विद्यार्थियों को उपाधियां हासिल हुईं। यह संख्या पिछले वर्ष से 21 फीसदी अधिक है।

## दीक्षांत समारोह में 1003 छात्रों को मिली डिग्रियां

एयूडी का 9वां दीक्षांत समारोह इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शिरकत की. तो मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा एच राजेश प्रसाद समारोह के समानित अतिथि थे। समारोह में 1003 छात्रों को डिग्रियां मिली।

**Dainik Jagran: 24.12.2020**



# जल्द जारी होगी स्टार्टअप नीति : केजरीवाल

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के 9वें दीक्षा समारोह का आयोजन बुधवार को मैक्स मूलर मार्ग स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। कोरोना के कारण समारोह में कुछ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आनलाइन और कुछ ने आफलाइन शिरकत की। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहे। आनलाइन संबोधन में केजरीवाल ने कहा कि देश के भीतर या विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने देंगे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर का भी विमोचन किया गया।

केजरीवाल कहा कि उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली सरकार दस लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। सरकार जल्दी ही एक 'स्टार्टअप नीति' जारी करने वाली है, जो युवाओं को उद्यमी बनने और व्यापार के नए विचारों के लिए प्रोत्साहित करेगी।

उपराज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनिल बैजल ने विद्यार्थियों के लिए अपना लिखित संदेश भेजा। अपने वक्तव्य में बैजल ने विश्वविद्यालय के अकादमिक ढांचे और मूल्यों की प्रशंसा की। वहीं, समारोह के सम्मानित अतिथि व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सामाजिक और मानविकी के क्षेत्र में भी ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करना होगा तो नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले हों। साथ ही उन्होंने कोरोना के कठिन दौर में उपाधि हासिल करने के लिए विद्यार्थियों व यह संभव बनाने के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी।

**आयोजन**

- एयूडी के दीक्षा समारोह को केजरीवाल ने किया संबोधित
- कहा, युवाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा



वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते अरविंद केजरीवाल ● सौजन्य : दिल्ली सरकार




इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में छात्रा को डिग्री देते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया (दाएं) व साथ में कुलपति अनु सिंह लाठर (मध्य) ● संजय

## 1,003 छात्र-छात्राओं को मिलीं डिग्रियां

एयूडी की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने बताया कि इस 9वें दीक्षा समारोह में कुल 1,003 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। डिग्री हासिल करने वालों में 65 फीसद छात्राएं हैं। कुछ विद्यार्थियों को सीधे और कुछ को वर्चुअल माध्यम से डिग्रियां वितरित की गईं। समारोह को राजनीतिक सिद्धांत के प्रख्यात विद्वान व यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ लार्ड्स के आजीवन सदस्य लार्ड भीखू पारेख ने भी आनलाइन संबोधित किया। उच्च शिक्षा के विशेष सचिव एच. राजेश प्रसाद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. नितिन मलिक ने दीक्षा समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. सलिल मिश्रा, सहायक कुलसचिव जनसंपर्क अंशु सिंह सहित अन्य शिक्षक व विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

**Navbharat Times: 24.12.2020**



# सरकार जल्द लाएगी स्टार्टअप पॉलिसी : अरविंद केजरीवाल

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार बिजनेस करने के इच्छुक युवाओं की मदद के लिए जल्द ही स्टार्टअप पॉलिसी लाने जा रही है, ताकि वे नौकरी करने के साथ नौकरी देने वाले भी बनें। वह डॉ. भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (AUD) के 9वें कन्वोकेशन में स्टूडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। बुधवार को इस समारोह से बतौर मुख्य अतिथि वह विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप पालिसी के तहत युवाओं को सभी तरह के लीगल और टेक्निकल गाइडेंस भी दी जाएगी। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में हुए इस समारोह में AUD के 1003 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। डिग्री हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में 65% लड़कियां हैं।

इस मौके पर सीएम ने कहा कि कई युवाओं के पास अच्छे बिजनेस आइडियाज होते हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं होता कि वे शुरुआत कैसे करें, सलाह किससे लें, लोन कहां से लें? दिल्ली सरकार इसके लिए स्टार्टअप पॉलिसी लाने वाली है। केजरीवाल ने कहा कई स्टूडेंट्स को अच्छी-अच्छी नौकरियां मिली हैं। आप नौकरी करते-करते यह जरूर सोचें कि मुझे नौकरी छोड़कर अपना बिजनेस कब करना है। सबको लक्ष्य रखना चाहिए कि मुझे आगे जाकर नौकरी देने करने वाला बनना है। यहां से पास होने के पास बाद जो लोग बिजनेस करेंगे, उनके लिए हम कुछ दिनों में विस्तृत स्टार्टअप पॉलिसी लेकर आ रहे हैं। इसके तहत लीगल और टेक्निकल सलाह मिलेगी और लोन दिलवाने में मदद और कुछ सब्सिडी भी दी जाएगी। सरकार बहुत तरह से मदद करेगी, ताकि अगर अच्छा बिजनेस आइडिया है, तो वो शुरू भी हो सके।

सीएम से स्टूडेंट्स से यह भी अपील की कि आप सीधे तौर पर राजनीति में आएं या न आएं, लेकिन एक नागरिक होने के नाते देश की राजनीति में सक्रिय हिस्सेदारी जरूर करें। जिस देश के लोग अपने देश की राजनीति में हिस्सा लेना बंद कर देते हैं, उस देश में नेता गड़बड़ी करके पैसा कमाते हैं और गुंडागर्दी करते हैं। कन्वोकेशन में जिन स्टूडेंट्स को डिग्री मिली, उन्हें केजरीवाल ने बधाई देते हुए कहा, अगर हायर एजुकेशन हासिल करने में किसी को भी आर्थिक दिक्कत हो, तो दिल्ली सरकार बिना किसी गारंटी और बिना कुछ भी गिरवी रखे, आपको 10 लाख रुपये तक का लोन देती है।

समारोह के सम्मानित अतिथि डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा, इस कठिन दौर में यूनिवर्सिटी अपनी कॉन्टिन्यूअस असेसमेंट पॉलिसी की बदौलत पद्धति दूसरे संस्थानों के लिए अनुकरणीय बन गई है। उन्होंने यह भी कहा, हमें ह्यूमैनिटीज और आर्ट्स सोशल साइंसेज में भी आंत्रप्रिन्योर स्टूडेंट्स तैयार करने होंगे। दिल्ली के एलजी और यूनिवर्सिटी चांसलर अनिल बैजल ने अपना संदेश स्टूडेंट्स के लिए भिजवाया। उन्होंने यूनिवर्सिटी के नए कैंपस धीरपुर और रोहिणी में विस्तार का जिक्र करते हुए यूनिवर्सिटी के अकादमिक प्रयासों की तारीफ की। समारोह के सम्मानित अतिथि मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा एच राजेश प्रसाद ने स्टूडेंट्स को बधाई दी।

## युवाओं को सभी तरह के गाइडेंस भी दी जाएगी



भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली के 9वें कन्वोकेशन में स्टूडेंट्स को संबोधित किया

## 'काम में आनंद लो, सफलता जरूर मिलेगी'

आंत्रप्रिन्योरशिप पर इन्फोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुधा मूर्ति ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स से संवाद किया। बुधवार को हुए इस सेशन के दौरान लेखिका पद्मश्री सुधा मूर्ति ने स्टूडेंट्स से कहा, सच्ची प्रेरणा हमें अपने अंदर से मिलती है, खुद से कॉम्पिटिशन करो, तो सफलता मिलेगी। उन्होंने दिल्ली आकर स्कूली बच्चों से मिलने की इच्छा भी जताई।

बच्चों से संवाद के दौरान सुधा मूर्ति ने बताया कि दसवीं तक कन्नड़ भाषा में मैंने पढ़ाई की। इंजिनियरिंग के दौरान काफी परेशानी हुई। यहां तक कि एक बार पढ़ाई छोड़ देने का फैसला लिया। लेकिन मां ने अंग्रेजी पढ़ने की प्रेरणा दी। तब मैंने अंग्रेजी अखबार पढ़ना शुरू किया और खूब मेहनत करके इंजिनियर बनी। सुधा ने बच्चों को अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ बनाने की सलाह दी।

उन्होंने बताया, क्लास में 149 लड़कों के बीच मैं अकेली लड़की थी। अलग वॉशरूम तक नहीं था। सब मेरा मजाक उड़ाते थे। कहते कि लड़की है तो इंजीनियरिंग कैसे सीखेगी। लेकिन मैंने चार साल में एक दिन भी क्लास नहीं छोड़ी। इस तरह मैंने पहली पोजिशन हासिल कर दिखा दिया कि इंजिनियरिंग सिर्फ लड़कों की चीज नहीं।

उन्होंने कहा कि जिस चीज का डर लगे, उसका ज्यादा से ज्यादा सामना करो।

### 21% ज्यादा स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

कोविड-19 के कारण इस समारोह से कुछ स्टूडेंट्स ऑफलाइन और कुछ ऑनलाइन शामिल हुए। यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो अनु सिंह लाठर ने बताया कि 9वें कन्वोकेशन में 1003 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। यह संख्या पिछले साल से यह 21 ज्यादा है। डिग्री हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में 65% लड़कियां है। अंडरग्रैजुएट के 442, पोस्टग्रैजुएट के 504, एमफिल के 51 और पीएचडी के 4 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। कुछ स्टूडेंट्स को समारोह में और कुछ को थ्री-डी मोड के जरिए डिग्री बांटी गई।